समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# बिना फेस दिखाए YouTube से पैसे कमाने की Ultimate Trick जान लीजिए, अब पहचान नहीं, सिर्फ टैलेटं चलेगा!

Publisher Published on 05 May 2025




**अगर आप पर्सनल ब्रांड बनाना नहीं चाहते, या कैमरे के सामने आने से हिचकते है, तो भी YouTube पर आपका स्वागत है. आप बिना फेस दिखाए भी एक प्रोफेशनल यूट्यूबर बन सकते है और मोटी कमाई कर सकते है.**

आज के डिजिटल दौर में पैसा कमाने के मौके कई गुना बढ़ गए हैं, खासकर YouTube जैसे प्लेटफॉर्म पर. बहुत सारे लोगों का मानना है कि अगर YouTube पर सफलता पानी है, तो कैमरे के सामने आना ही पड़ेगा. लेकिन ये सोच अब पुरानी हो चुकी है. अब बिना चेहरा दिखाए भी आप लाखों लोगों तक पहुंच सकते हैं और शानदार कमाई कर सकते हैं.

असल में YouTube पर कंटेंट ही किंग है. मतलब ये कि अगर आपके कंटेंट में वैल्यू है, यानी एंटरटेनमेंट, एजुकेशन हो मोटिवेशन है तो लोग आपके वीडियोज को जरूर देखेंगे, फिर चाहे आपने फेस दिखाया हो या नहीं. ऐसे बहुत से चैनल्स हैं जो बिना किसी फेस रिवील के लाखों सब्सक्राइबर्स बना चुके हैं और हर महीने लाखों रुपये कमा रहे हैं.

**कौन-कौन से चैनल्स बिना फेस दिखाए चलाए जा सकते है ?**

1. **मोटिवेशनल चैनल**– आप मोटिवेशनल स्टोरीज़, थॉट्स या लाइफ चेंजिंग एक्सपीरियंस शेयर कर सकते हैं. अच्छी स्क्रिप्ट और दमदार वॉइसओवर ही आपकी पहचान बनेंगे.

2. **फैक्ट चैनल्स**– ये चैनल्स हमेशा ट्रेंड में रहते हैं. आप एक खास टॉपिक जैसे अंतरिक्ष, जानवर, या हॉरर फैक्ट्स को चुन सकते हैं और उसी पर वीडियोज बना सकते हैं.

3. **टेक या ऑनलाइन अर्निंग टिप्स**– फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब ग्रोथ या डिजिटल मार्केटिंग पर जानकारी दें. ऐसे चैनल्स में सिर्फ स्क्रीन रिकॉर्डिंग और वॉइसओवर की जरूरत होती है.

4. **स्टोरी टेलिंग चैनल**– हॉरर, क्राइम, फिक्शन या बच्चों की कहानियां. एक अच्छी स्क्रिप्ट और सही बैकग्राउंड म्यूजिक से ऐसा कंटेंट बहुत अच्छा परफॉर्म करता है.

5. **ट्यूटोरियल चैनल्स**– जैसे कि Photoshop, Excel, या अन्य कोई भी स्किल. यहां सिर्फ स्क्रीन और वॉइस ही काफी होता है.

6. **एनिमेटेड चैनल्स**– आजकल बहुत से लोग वर्चुअल करैक्टर्स के जरिए वीडियो बना रहे हैं. आप भी एनिमेशन टूल्स का इस्तेमाल कर के एक अलग पहचान बना सकते हैं.

**कैसे करे शुरुआत ?**

सबसे पहले आपको एक बढ़िया सी टॉपिक चुनना है. फिर उस पर एक बढ़िया स्क्रिप्ट लिखें- चाहें तो **ChatGPT** जैसे **AI टूल्स** की मदद ले सकते हैं. इसके बाद आपको वॉइसओवर करना होगा. कोशिश करें कि आवाज में दम और इमोशन हो. इसके बाद **Canva, Pexels, Pixabay** जैसी वेबसाइट्स की मदद से वीडियो क्लिप्स, म्यूज़िक और इमेजेस ले सकते हैं. फिर बनाए गए वीडियो को YouTube पर अपलोड करें और अच्छा थंबनेल बनाएं ताकि लोग क्लिक करें.

**कमाई के तरीके कौन-कौन से है ?**

YouTube Monetization (Adsense)
Sponsorship Deals
Affiliate Marketing
Memberships और डिजिटल प्रोडक्ट्स की सेल

अगर आप पर्सनल ब्रांड बनाना नहीं चाहते, या कैमरे के सामने आने से हिचकते हैं, तो भी YouTube पर आपका स्वागत है. आप बिना फेस दिखाए भी एक प्रोफेशनल यूट्यूबर बन सकते हैं और मोटी कमाई कर सकते हैं. बस जरूरत है दमदार कंटेंट, सही टूल्स और थोड़ी सी मेहनत की.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.